पेज थ्री देहरादून

देहरादून मंगलवार 26 मई 2020



जरूरतमंद लोगों को खाद्यान्न किट देते हुए कांग्रेसी।



# हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### सरकार की हीलाहवाली से ओरेंज जोन में पहुंचा उत्तराखण्ड

**संवाददाता** देहरादून। महानगर कांग्रेस कमेटी के पूर्व महामंत्री व वरिष्ठ कांग्रेसी नेता महेश जोशी ने कहा है कि सरकार की हीलाहवाली से ही ओरेंज जोन में संपूर्ण उत्तराखंड पहुंच गया है यह एक चिंता का विषय है। उंन्होने सरकार पर आरोप लगाया कि सरकार कांग्रेस के सुझावों को नजरअंदाज करके मनमाने फैसले ले रही है जिससे कोरोना संक्रमण में घोर लापरवाही व कुप्रबंधन से कार्य हो रहा है। कोरोना महामारी के डेढ़ माह बाद भी सरकार इसकी रोकथाम व क्वारंटाइन की व्यवस्था नहीं कर पाई है।

### पंचम पातशाह श्री गुरु अरजन देव का शहीदी दिवस मनाया

**संवाददाता** देहरादून। शहीदों के सरताज पंचम पातशाह श्री गुरु अरजन देव का शहीदी दिवस 26 मई मंगलवार को पूरे विश्व में सादगी पूर्वक कोरोना वायरस कोविड 19 महामारी के चलते मनाया जाएगा। और कल घरों में श्री सुखमनी का पाठ किया जायेगा। यहां जारी एक बयान में गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा आढ़त बाजार के प्रधान राजेंद्र सिंह राजन ने संगत से अनुरोध किया कि इस वर्ष अपने घरों में रहकर श्री सुखमनी साहिब के पाठ एवं संसार से जल्द से जल्द कोरोना वायरस कोविड 19 संक्रमण से छुटकारे के लिए अरदास करें।

### श्रम कानून में बदलाव किये जाने का विरोध लगातार जारी

**संवाददाता** देहरादून। श्रम कानून में बदलाव किये जाने के विरोध में पीपुल्स फोरम उत्तराखंड के संयोजक जयकृत कंडवाल का धरना 13वें दिन अपने घर में धरना जारी रखा। यहां सरस्वती विहार अजबपुर खुर्द स्थित अपने आवास में फोरम के संयोजक जयकृत कंडवाल श्रम कानून में बदलाव के विरोध में 13वें दिन धरने पर रहे। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि जब तक केन्द्र सरकार ने इस बदलाव को वापस नहीं लिया तब तक धरने को जारी रखा जायेगा। वहीं गिरफ्तार किये गये छात्रों को जल्द रिहा करने की मांग की गई।

### बंद कमरे में बोरे में बंधी युवती की लाश मिलने से हड़कम्प

**संवाददाता** हरिद्वार। सिडकुल क्षेत्र एक कॉलोनी के एक बंद कमरे से बोरे में बंधी युवती की लाश मिलने से हड़कम्प मच गया। पुलिस ने घटना की जानकारी आलाधिकारियों को दी। सूचना पर एसएसपी, एसपी सिटी, सीओ देहात अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर घटना स्थल का निरीक्षण करते हुए आसपास के लोगों से जानकारी जुटाई। और घटना के सम्बंध में सिड़कुल एसओ को दिशा निर्देश दिये। मृतका मध्य प्रदेश की रहने वाली हैं, जोकि बिहार के एक युवक के साथ लिविंग रिलेशनशिप में रह रही थी।

## सीएम ने राहत केन्द्र क्वारंटीन सेंटर का लिया जायजा

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने जनपद भ्रमण के दौरान राधास्वामी सत्संग व्यास स्टेजिग एरिया में संचालित कोविड–19 से सम्बन्धित राहत केन्द्र क्वारंटीन सेंटर का जायजा लिया इसके बाद जिला चिकित्सालय मे रामसुमेर शुक्ल मेडिकल कालेज के 300 बेडों के चिकित्सालय का निरीक्षण एवं चिकित्सालय मे व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इसके उपरान्त मुख्यमंत्री एपीजे अब्दुल कलाम सभागार मे कोविड–19 राहत कार्यो एवं बचाव मे लगे सम्बन्धित अधिकारियों की समीक्षा बैठक की। उन्होने कहा कि उत्तराखण्ड में विभिन्न प्रान्तो से आ रहे प्रवासियों से कोरोना पॉजिटिव केस बढ रहे है ऐसे मे सभी लोगों को एहतियात बरतने की आवश्यकता है। उन्होने कहा कि विभिन्न प्रान्तो से उत्तराखण्ड के लोगों को लाने का निर्णय सरकार द्वारा लिया गया है। सरकार को पहले से ही अनुमान था कि बाहर से लोगों को लाने पर कोरोना केस बढेंगे इसलिए सरकार पहले से ही तैयारियों में जुटी है। उन्होने कहा कि सरकार हर परिस्थिति से लडने व निपटने के लिए तैयार व सक्षम है। समीक्षा बैठक मे मुख्य सचिव श्री उत्पल कुमार सिह तथा वित्त एवं स्वास्थ्य सचिव अमित नेगी भी मौजूद थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि क्वारंटीन किये गये व्यक्ति क्वारंटीन के नियमों का पालन करें जो क्वारंटीन व्यक्ति क्वारंटीन नियमो का पालन नही करते है, उनसे सख्ती से पालन करवाया जाए। उन्होने कहा कि संक्रमण का दौर है सभी जनता अपनी जिम्मेदारियों को समझे व इस लडाई मे सहयोग करें।

# सरकार हर परिस्थिति से लड़ने व निपटने के लिए तैयारः सीएम

**बैठक**

सर्किट हाउस में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों के साथ की बैठक | आनेवाले 10 दिन काफी अहमः मुख्यमंत्री

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिह रावत ने कहा कि उत्तराखण्ड में विभिन्न प्रान्तो से आ रहे प्रवासियों के आने से कोरोना पॉजेटिव केस बढ़ रहे है ऐसे मे सभी लोगों को एहतियात बरतने की जरूरत है। यह बात मुख्यमंत्री ने सर्किट हाउस में अधिकारियों की बैठक लेते हुये कही। उन्होने कहा कि विभिन्न प्रान्तां से उत्तराखण्ड के लोगों को लाने का निर्णय सरकार द्वारा लिया गया है। सरकार को पहले से ही अनुमान था कि बाहर से लोगों को लाने पर कोरोना केस बढेंगे इसलिए सरकार पहले से ही तैयारियों में जुटी है। उन्होंने कहा कि सरकार हर परिस्थिति से लडने व निपटने के लिए तैयार व सक्षम है। समीक्षा बैठक मे मुख्य सचिव उत्पल कुमार सिंह तथा वित्त एवं स्वास्थ्य सचिव अमित नेगी भी मौजूद थे।



मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरेन्टीन किये गये व्यक्ति कोरेन्टीन के नियमों का पालन करें जो कोरेन्टीन व्यक्ति कोरेन्टीन नियमों का पालन नही करते है। उनसे सख्ती से पालन करवाया जाए। मुख्यमंत्री ने जनपद में कोविड–19 मे किये जा रहे कार्यो एवं व्यवस्थाओं की विस्तृत जानकारी ली। उन्होने कहा कि प्रदेश सरकार स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से आधुनिकतम उपकरणों की व्यवस्था कर रही है। बढते संक्रमण को देखते हुये सुशीला तिवारी चिकित्सालय को और अन्य उपकरणों व संसाधनो की आवश्यकता हो उसकी मांग तत्काल शासन को उपलब्ध करायें ताकि व्यवस्था की जा सके। कोरोना संक्रमण के लिहाज से आनेवाले 10 दिन काफी अहम होंगे ऐसे में हम एहतियात बरतने की जरूरत होगी तथा संयम से कार्य करने व रहने का समय है।

कैबिनेट मंत्री यशपाल आर्य एवं सांसद अजय भटट ने कहा बाहर से आने वाले प्रवासियों से अपील की है कि वे कोरेन्टीन के नियमों का अनिवार्य रूप से पालन करें, नियम तोडने वालों से सख्ती से निपटने के भी निर्देश अधिकारियों को दिये।

सीएस उत्पल कुमार सिंह ने बताया कि राज्यभर में अब तक 1.54 लाख लोग आ चुके हैं। जबकि देश के विभिन्न प्रान्तों से उत्तराखण्ड आने के लिए 2.47 लाख लोगों ने पंजीकरण कराया है। उन्होने कहा कि विभिन्न प्रान्तों से लोगो का आना बढ रहा है इसलिए आने वाले समय में कोविड केयर चिकित्सालय में पर्याप्त व्यवस्थाओं के साथ ही कोरेन्टीन सेन्टर में भी पर्याप्त व्यवस्थायें रखी जांए।

जिलाधिकारी सविन बंसल ने बताया कि बाहर से आने वाले लोगों का स्वास्थ विभाग द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण करने के उपरान्त ही उन्हे होम अथवा संस्थागत कोरेन्टीन किया जा रहा है।

# उत्तराखंड में कोरोना के मरीजों में दिन–ब–दिन इजाफा

**चिंता**

- कोरोना के 15 नए मामले, अब तक हो चुकी है चार की मौत

देहरादून। **संवाददाता**

उत्तराखंड में कोरोना के मरीजों में दिन–ब–दिन इजाफा हो रहा है। प्रदेश में सोमवार को कोरोना संक्रमण के 15 नए मामले सामने आए हैं, जिनमें चार ऊधमसिंहनगर, तीन हरिद्वार, तीन पौड़ी गढ़वाल, दो चमोली, एक–एक टिहरी, पिथौरागढ़ और देहरादून से हैं। वहीं, पौड़ी जिले में तीन कोरोना संक्रमितों में से एक पॉजिटिव रिपोर्ट उस शख्स की है, जिसकी पीपली गांव स्थित क्वारंटाइन सेंटर में मौत हुई थी। इसके बाद मृतकों की संख्या चार हो गई है।

**तीन की रिपोर्ट में कोरोना की पुष्टि**

पौड़ी गढ़वाल जिले में सोमवार को तीन की रिपोर्ट पॉजिटिव मिली है, जिसमें दो महिलाएं शामिल हैं। वहीं, जो तीसरी रिपोर्ट है उस शख्स की पाबौ ब्लॉक स्थित पीपली गांव में होम क्वारंटाइन में दौरान मौत हुई थी, उसकी कोरोना जांच की रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। हालांकि, प्रशासन मौत का कारण टीबी बता रहा है। एहतियातन पंचनामा भरने वाले पुलिस कर्मियों, परिजनों और संपर्क में आए ग्रामीणों को क्वारंटाइन किया जा रहा है।

उत्तराखंड में प्रवासियों के वापस लौटने के बाद से ही कोरोना ग्राफ तेजी से ऊपर चढ़ रहा है। साथ ही चिंता भी बढ़ने लगी है। अबतक प्रदेशभर में 334 मामले सामने आ चुके हैं, जिनमें से 60 लोग स्वस्थ होकर अपने घरों को लौट चुके हैं। वहीं चार लोगों की मौत हो चुकी है। इसके साथ ही अब तक 17315 लोगों की जांच रिपोर्ट नेगेटिव पाई गई है, जबकि 3522 लोगों की रिपोर्ट का इंतजार है। वहीं, बात क्वारंटाइन की करें, तो 17450 लोगों को फेसिलिटी क्वारंटाइन किया गया है।

**हरिद्वार में तीन लोगों में कोरोना पॉजटिवः** हरिद्वार के जिन तीन मरीजों में कोरोना की पुष्टि हुई है, उनमें से एक रुड़की के ग्रीन पार्क कॉलोनी का है, जो 21 मई को मुंबई से आया था। इसके अलावा लंढौरा के दो लोगों की कोरोना रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। वहीं, टिहरी जिले में भिलंगना ब्लॉक के कोट भट गांव निवासी एक युवक में कोरोना की पुष्टि हुई है।

रानीपोखरी की एक 32 वर्षीय महिला में कोरोना संक्रमण की पुष्टि हुई है। महिला 21 मई को मुंबई से लौटी थी, जिसके बाद से वह सीमा डेंटल में क्वारंटाइन थी।

## मांगों को लेकर शराब की दुकानें अनिश्चितकाल के लिए बंद

**संवाददाता** देहरादून। शराब से कोविड टैक्स हटाये जाने सहित अनेक मांगों के समाधान के लिए प्रदेश में शराब की दुकानों को अनिश्चितकाल के लिए बंद कर दिया गया है। शराब के शौकीनों को दुकानें बंद होने से झटका लगा है। वहीं दूसरी ओर दिन भर चर्चा रही की केवल एक दिन की ही हड़ताल है। यहां पिछले कई दिनों से शराब कारोबारियों ने अपनी मांगों के समाधान के लिए शराब कारोबारियों ने हड़ताल की घोषणा की थी। इस बीच शासन व आबकारी अधिकारियों के स्तर पर वार्ता के बाद कोई सकारात्मक हल नहीं हो पाया है। वार्ता विफल होने से शराब व्यवसाईयों ने हड़ताल शुरू कर दी है। इस दौरान शराब व्यवसाईयों का कहना है कि गत वर्ष से करीब 40 प्रतिशत ज्यादा कोटा बेचने की बाध्यता के खिलाफ शराब कारोबारी परेशान है इस पर किसी प्रकार का ध्यान नहीं दिया जा रहा है। शीघ्र ही कार्यवाही न होने पर आंदोलन को तेज किया जायेगा।




**स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक**
**प्रदीप चौधरी**
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून
से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड,
पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
**संपादकः प्रदीप चौधरी**

**सिटी कार्यालयः**
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।
**फैक्स नं०–**
0135-2650558
(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।